Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding drinking water problem in Pratapgarh, Rajasthan

श्री मानशंकर निनामा (बांसवाड़ा) : उपाध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय जल संसाधन मंत्री जी का ध्यान अपने संसदीय निर्वाचन क्षेत्र बांसवाड़ा के प्रतापगढ़ जिले की ओर आकृऐट करना चाहता हूं। प्रतापगढ़ जिले के अंतर्गत पंचायत समिति पीपलकोट में 4 तालाबों की आवश्यकता है। यहां 22 ग्राम पंचायते हैं किंतु एक भी तालाब नहीं है। यहां पीने के पानी की भी विकट समस्या है और वऐााऩ के जल के अलावा पानी का अन्य कोई स्रोत यहां नहीं है।

उपाध्यक्ष महोदय, मेरा आपसे आग्रह है कि नालपाड़ा डुंगला वानी में वाणिया वेला तालाब, ग्राम पंचायत में भूरा कुण्ड तालाब, ग्राम पंचायत जामली में मोकाटोक तालाब तथा प्रथीपुरा ग्राम पंचायत में वड़लिखेड़ा तालाब के लिए सिंचाई विभाग द्वारा शीघ्र सर्वेक्षण करवाकर 4 तालाबों की मंज़ूरी प्रदान की जाए तथा इसके लिए उपर्युक्त धनराशि भी स्वीकृत करने की कृपा की जाए, जिससे यहां के लोगों को पीने के पानी के संकट से तुंत राहत दिलाई जा सके। धन्यवाद।

HON. DEPUTY SPEAKER: Kunwar Pushpendra Singh Chandel and Shri Bhairon Prasad Mishra are permitted to associate with the issue raised by Shri Manshankar Ninama.